डाक-व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.
अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-म. प्र. बि.पू.भु./04 भोपाल-03-05.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108 भोपाल-03-05.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 193] भोपाल, शनिवार, दिनांक 30 अप्रैल 2005—वैशाख 10, शक 1927

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल 2005

मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण नियम

विषय-सूची

अध्याय-1
प्रारंभिक

नियम:

01 संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारंभ
02 परिभाषाएं

अध्याय-2
ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों के असंगठित कर्मकारों के लिए कल्याण बोर्ड

03 बोर्ड का गठन
04 पदावधि
05 त्यागपत्र
06 पद में रिक्ति
07 आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना
08 प्रत्येक बोर्ड की बैठक एवं गणपूर्ति
09 बैठकों की सूचना और कारबार की सूची
10 अध्यक्ष, सम्मिलनों की अध्यक्षता करेगा
11 कामकाज का संपादन
12 सम्मिलन के कार्यवृत्त
13 अशासकीय सदस्यों को देय भत्ते
14 प्रत्येक बोर्ड की उपसमितियां
15 प्रत्येक बोर्ड के कर्तव्य तथा कृत्य
16 सचिव, अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारीवृन्द की नियुक्ति
17 बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारीवृन्द की भर्ती प्रक्रिया तथा सेवा शर्तें
18 मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण निधि एवं मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण निधि
19 विनिधान

21 वार्षिक रिपोर्ट
22 संविदा का निष्पादन

अध्याय-3
कल्याण निधि के सदस्य के रूप में असंगठित कर्मकार का रजिस्ट्रीकरण

23 सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये प्रक्रिया
24 अपील
25 सदस्यों का रजिस्टर
26 निधि में अभिदाय

अध्याय-4
प्रसुविधाएं तथा सामान्य कल्याणकारी क्रियाकलाप

27 प्रसुविधाएं
28 प्रसुविधाओं के संबंध में मुख्य उपबंध
29 बोर्ड द्वारा प्रसुविधाओं से संबंधित प्रक्रियात्मक तथा अन्य अवशिष्ट मामलों को अधिकथित करने वाली स्कीमों को अधिसूचित किया जाना
30 सामान्य कल्याणकारी क्रियाकलाप

अध्याय-5
स्थापनों का रजिस्ट्रीकरण और बोर्ड में अभिदाय

31 स्थापनों के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन करने की रीति
32 रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का दिया जाना
33 अतिरिक्त फीस का संदाय और रजिस्टर का संशोधन आदि
34 रजिस्ट्रीकरण की शर्तें
35 फीस

अध्याय-6
अपीलों, आदेशों की प्रतियां, फीसों का संदाय आदि

36 अपील अधिकारी के समक्ष अपील फाइल करना
37 सुनवाई की तारीख को उपस्थित होने में असफलता
38 अपीलों का प्रत्यावर्तन
39 अपील की सुनवाई
40 रजिस्ट्रीकरण के आदेश की या अपील में आदेश की प्रति
41 फीस का संदाय
42 नियोजक द्वारा अभिदाय

अनुसूची

अनुसूची एक-- नियोजनों की सूची

प्ररूप :

प्ररूप-एक-	वित्तीय वर्ष के लिए बजट
प्ररूप-दो -	वार्षिक रिपोर्ट
प्ररूप-तीन-	सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र
प्ररूप-चार-	नाम निर्देशन
प्ररूप-पांच-	सदस्यों का रजिस्टर
प्ररूप-छह-	सदस्यों का पहचान पत्र
प्ररूप-सात -	पहचान पत्र में परिवर्तन हेतु आवेदन
प्ररूप-आठ-	पहचान पत्र की द्वितीय प्रति के लिये आवेदन पत्र
प्ररूप-नौ-	अपील का रजिस्टर
प्ररूप-दस-	नियोजक द्वारा नियोजित असंगठित कर्मकारों तथा उनमें से सदस्यों का रजिस्टर
प्ररूप-ग्यारह-	असंगठित कर्मकारों का नियोजन करने वाली स्थापनों के लिए रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन
प्ररूप-बारह-	रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदाय किया जाना
प्ररूप-तेरह-	स्थापनों का रजिस्टर

मध्य प्रदेश शासन
श्रम विभाग
मंत्रालय

//अधिसूचना//

भोपाल, दिनांक 30 अप्रैल, 2005

कमांक एफ 28–9/05/ब/सोलह, मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण अधिनियम, 2003 (क्रमांक 2 सन् 2003) की धारा 51 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद् द्वारा, बोर्ड के गठन, उसके कृत्य तथा बैठक और सहबद्ध विषयों से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

नियम
अध्याय–1 प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारंभः–
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण नियम, 2005 है।
   (2) ये अनुसूची में विनिर्दिष्ट ऐसे नियोजनों को लागू होंगे, जिसके संबंध में समुचित सरकार अधिनियम के अधीन राज्य सरकार है।
   (3) ये ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जिसे राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. परिभाषाएँः– इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः–
   (क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण अधिनियम, 2003 (क्रमांक 9 सन् 2003),
   (ख) "बोर्ड" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित यथास्थिति मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड,
   (ग) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप,
   (घ) "धारा" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा,
   (ड.) "राज्य सरकार" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश सरकार,
   (च) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों का, जिनका इस नियम में प्रयोग किया गया है, किंतु जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, वही अर्थ होगा जो अधिनियम में उन्हें दिया गया है।

अध्याय–2
ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों के असंगठित कर्मकारों के लिये कल्याण बोर्ड

3. **बोर्ड का गठनः–**
   मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड पृथक–पृथक निम्नलिखित से मिलकर गठित होंगेः–

(क) श्रम मंत्री, मध्यप्रदेश प्रत्येक बोर्ड के लिए पदेन अध्यक्ष के रूप में,
(ख) भारसाधक सचिव, श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन,
(ग) श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश,
(घ) भारसाधक सचिव, वित्त विभाग मध्यप्रदेश शासन या उसका नामनिर्देशित जो उपसचिव की पद श्रेणी से निम्न पदश्रेणी का न हो,
(ङ) प्रत्येक कल्याण बोर्ड के लिये पृथक से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त 6 सदस्य जो कि असंगठित कर्मकारों के नियोजकों का प्रतिनिधित्व करते हों,
(च) राज्य सरकार द्वारा नियुक्त छह सदस्य, जो कि असंगठित कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करते हों, जिनमें से दो महिला सदस्य पृथकतः प्रत्येक बोर्ड के लिए होंगी जिनमें से एक अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जनजाति तथा एक अन्य पिछड़े वर्ग के होंगे।

4. पदावधिः—

(1) नियम 3 के खण्ड (ङ) तथा (च) के अधीन नियुक्त कोई सदस्य राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेगा।

(2) उपनियम (1) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, उसमें विनिर्दिष्ट कोई सदस्य, जब तक कि वह अपना पद त्याग नहीं देता या उसकी मृत्यु नहीं हो जाती या अन्यथा वह पूर्वत्तर तारीख को अपना पद रिक्त नहीं कर देता, पृथकतः प्रत्येक बोर्ड के एक सदस्य के रूप में उसे नियुक्त करने संबंधी अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए पद धारण करेगा और पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

5. त्याग पत्रः—

(1) नियम 3 के खण्ड (ङ) तथा (च) के अधीन नियुक्त कोई सदस्य, राज्य सरकार को संबोधित अपने हस्ताक्षरित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।
(2) त्याग—पत्र, राज्य सरकार द्वारा उसकी स्वीकृति की तारीख से प्रभावशील होगा।

6. पद में रिक्तिः—

नियम के खण्ड (ङ) तथा (च) के अधीन नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा अपना पद रिक्त कर दिया गया समझा जाएगा, यदि —

(क) उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा विकृतचित का या अनुन्मोचित दिवालिया घोषित कर दिया गया हो, या
(ख) उसे किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है जिसमें राज्य सरकार की राय में, नैतिक अधमता अंतर्वलित है, या
(ग) वह अध्यक्ष से, अनुपस्थित रहने की इजाजत लिए बिना बोर्ड के लगातार तीन सम्मिलनों से अनुपस्थित रहा हो, या

(घ) वह ऐसे हितों का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा है जिनका कि प्रतिनिधित्व करने के लिए उसे नियुक्त किया गया था।

7. आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना:–

किसी सदस्य की मृत्यु, उसके त्यागपत्र के कारण या अन्यथा उद्भूत हुई आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए नियुक्त किया गया सदस्य, उस सदस्य की पदावधि की शेष कालावधि तक पद धारण करेगा, जिसके स्थान पर उसकी नियुक्ति की गई है।

8. प्रत्येक बोर्ड का सम्मिलन एवं गणपूर्ति:–

(1) बोर्ड का सम्मिलन सामान्यतः तीन मास में एक बार होगा परन्तु अध्यक्ष, बोर्ड के कम से कम एक तिहाई सदस्यों से लिखित में अध्यपेक्षा प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर उसका विशेष सम्मिलन बुलाएगा।

(2) बोर्ड के किसी सम्मिलन में कोई काम–काज तब तक संपादित नहीं किया जाएगा, जब तक कि कम से कम छह सदस्य उपस्थित न हों, जिनमें से कम से कम एक उन सदस्यों में से होगा, जो नियम 3 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन नियुक्त किए गए हों।

9. सम्मिलन की सूचना और कारबार की सूची:–

पृथकतः प्रत्येक बोर्ड के लिए, प्रत्येक सम्मिलन की तारीख, समय तथा स्थान सूचित करने वाली सूचना, सम्मिलन में संपादित किए जाने वाले कारबार की सूची के साथ सम्मिलन से, पन्द्रह दिन पूर्व प्रत्येक सदस्य को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या विशेष संदेशवाहक द्वारा भेजी जाएगी;

परंतु जब अध्यक्ष, किसी ऐसे विषय पर विचार करने के लिए जो उसकी राय में अत्यावश्यक प्रकृति का है, सम्मिलन बुलाता है तो कम से कम तीन दिन की सूचना पर्याप्त समझी जाएगी।

10. अध्यक्ष सम्मिलनों की अध्यक्षता करेगा:–

अध्यक्ष (चेयर पर्सन), प्रत्येक बोर्ड के समस्त सम्मिलनों की अध्यक्षता करेगा। यदि अध्यक्ष, बोर्ड के सम्मिलन में उपस्थित रहने में किसी कारण से असमर्थ है तो खण्ड (ख) के अधीन नियुक्त सदस्य, और यदि अध्यक्ष एवं खण्ड (ख) के अधीन नियुक्त सदस्य बोर्ड के सम्मिलन में उपस्थित रहने में किसी कारण से असमर्थ है तो खण्ड (ग) के अधीन नियुक्त सदस्य सम्मिलन की अध्यक्षता करेगा।

11. कामकाज का संपादन:–

ऐसे समस्त प्रश्न, जो प्रत्येक बोर्ड के किसी सम्मिलन के समक्ष आएं, उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से विनिश्चित किए जाएंगे

और मत बराबर होने की दशा में, अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति का द्वितीय या निर्णायक मत होगा।

12. सम्मिलन के कार्यवृत्तः–

प्रत्येक बोर्ड के प्रत्येक सम्मिलन की कार्यवाही अभिलिखित की जाएगी तथा बोर्ड की अगले सम्मिलन में पुष्टि के अध्यधीन रहते हुए, सम्मिलन के पश्चात् यथासंभव शीघ्र अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद समस्त सदस्यों को वितरित की जाएगी, ऐसी पुष्टि के पश्चात् वह, कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी जो स्थायी अभिलेख के लिए रखी जाएगी।

13. अशासकीय सदस्यों को देय भत्तेः–

प्रत्येक बोर्ड तथा उसकी उप–समितियों के सम्मिलन में उपस्थित होने के लिए प्रत्येक अशासकीय सदस्य को, बोर्ड द्वारा विनिश्चित की गई दरों पर यात्रा भत्ता तथा दैनिक–भत्ता संदत्त किया जाएगा।

14. प्रत्येक बोर्ड की उपसमितियांः–

(1) प्रत्येक बोर्ड ऐसी उपसमितियां नियुक्त कर सकेगा, जैसी कि वह उसके कर्तव्यों के समुचित निर्वहन के लिए उचित समझे।

(2) प्रत्येक उपसमिति में कम से कम एक सदस्य सम्मिलित होगा जो नियम 3 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अंतर्गत बोर्ड में नियुक्त हो;

परंतु उपसमिति, जब तक कि नई उपसमिति का गठन नहीं होता, कार्य करती रहेगी।

(3) उप समितियों के कामकाज के संचालन हेतु बोर्ड विनियम बना सकता है। प्रत्येक उप–समिति की अनुशंसाएं बोर्ड के समक्ष उसके विनिश्चय के लिए रखी जाएगी।

15. प्रत्येक बोर्ड के कर्तव्य तथा कृत्यः–

(1) प्रत्येक बोर्ड निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगाः–

(क) निधि के प्रशासन से संबंधित सभी विषय, जिनमें उसमें जमा राशि के विनिधान के लिए नीतियां अधिकथित करना सम्मिलित हैं,

(ख) अधिनियम की क्रमशः धारा 10, 11 तथा 12 के अधीन शासन को वार्षिक बजट, वार्षिक रिपोर्ट तथा संपरीक्षित लेखे प्रस्तुत करना,

(ग) अधिनियम की धारा 12 के उपबंधों के अनुसार लेखाओं को समुचित बनाए रखना तथा उनकी वार्षिक संपरीक्षा,

(घ) निधि में अंशदान एवं अन्य प्रभारों का संग्रहण,

(ड.) बोर्ड को देय रकमों की समुचित एवं समय पर वसूली,

(च) अधिनियम की धारा 7 में विनिर्दिष्ट तथा उसके अधीन विहित कृत्यों का पालन करना।

(2) प्रत्येक बोर्ड, शासन को समय समय पर ऐसी जानकारी देगा, जैसी कि वह चाहे।

16. सचिव, अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारिवृन्द की नियुक्तिः—

(1) प्रत्येक बोर्ड, राज्य सरकार की पूर्व सहमति से किसी अधिकारी को, जो उप श्रमायुक्त की पदश्रेणी से निम्न पदश्रेणी का न हो, बोर्ड के सचिव के रूप में नियुक्त करेगा;

परन्तु एक व्यक्ति दोनों बोर्डों का सचिव नियुक्त हो सकेगा।

(2) प्रत्येक बोर्ड ऐसे अन्य अधिकारियों तथा कर्मचरियों को नियुक्त कर सकेगा, जैसा कि वह उसके कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन के लिए आवश्यक समझे,,

परन्तु प्रत्येक बोर्ड में कोई पद तब तक नहीं भरा जाएगा, जब तक कि उसके सृजन को राज्य सरकार द्वारा पहले अनुमोदित न कर दिया गया हो।

17. बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की भरती प्रक्रिया तथा सेवा शर्तेः—

(1) राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू निम्नलिखित नियम यथावश्यक परिवर्तन सहित प्रत्येक बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को लागू होंगेः—

(क) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (जनरल कंडीशंस आफ सर्विस) रूल्स, 1961,
(ख) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (कंडक्ट) रूल्स, 1965
(ग) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन, कंट्रोल एण्ड अपील) रूल्स, 1966,
(घ) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (मेडिकल एक्जामिनेशन) रूल्स, 1972,
(ड.) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (लीव) रूल्स, 1977,
(च) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (ज्वाइनिंग टाइम) रूल्स, 1982,
(छ) मध्यप्रदेश एक्स सर्विसेज (रिजर्वेशन आफ वेकेन्सीज इन द स्टेट सिविल सर्विसेज ऑन पोस्ट्स आफ क्लास III एण्ड क्लास IV रूल्स, 1985,
(ज) मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज (स्पेशल प्रोवीजन ऑफ एपायन्टमेन्ट ऑफ वूमन) रूल्स, 1997,
(झ) मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विसेज (प्रमोशन) रूल्स, 2002,

(2) बोर्ड के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वर्गीकरण, वेतनमान भत्ते, भर्ती की प्रक्रिया तथा सेवा के निबंधन और शर्तें, उस सीमा तक जहां तक कि वे उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट नियमों में अभिव्यक्त रूप से उपबंधित नहीं हैं, ऐसी होंगी, जैसी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, बोर्ड द्वारा अवधारित की जाएं।

18. मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण निधि एवं मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण निधिः—

(1) प्रत्येक बोर्ड इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र अधिनियम के तथा इन नियमों के उपबंधों के अनुसार एक निधि का गठन कर सकेगा, जो "मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण निधि एवं मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण निधि" कहलाएगी।

(2) निधि, प्रत्येक बोर्ड में निहित होगी तथा उसके द्वारा प्रशासित की जाएगी।

19. विनिधानः—

निधि की समस्त धनराशि का विनिधान अधिसूचित बैंकों या भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का केन्द्रीय अधिनियम सं2) की धारा 20 के खण्ड (क) से (घ) तक में निर्दिष्ट प्रतिभूतियों में किया जा सकेगा।

20. बजटः—

(1) प्रत्येक बोर्ड, आगामी वित्तीय वर्ष के लिये, प्रत्येक वर्ष 10 मार्च से पूर्व, उसकी प्राक्कलित प्राप्तियॉ तथा व्यय दर्शाते हुए उसका बजट तैयार करेगा तथा उसका अनुमोदन करेगा।

(2) बजट, प्ररूप—एक में तैयार किया जाएगा तथा बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात्, राज्य सरकार को इस प्रकार अग्रेषित किया जाएगा, ताकि 20 मार्च तक उन तक पहुंच जाए।

21. वार्षिक रिपोर्टः—

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड के कार्यकरण की रिपोर्ट आगामी वित्तीय वर्ष की 15 जून के पूर्व बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाएगी तथा शासन को उस वर्ष की 31 जुलाई तक प्ररूप—दो में प्रस्तुत की जाएगी।

22. संविदा का निष्पादनः—

प्रत्येक बोर्ड की ओर से समस्त आदेश तथा अन्य लिखत, प्रत्येक बोर्ड के नाम से तैयार तथा निष्पादित किये जाएंगे तथा ऐसे व्यक्ति द्वारा अधिप्रमाणित किये जाएंगे, जैसा कि प्रत्येक बोर्ड विनिर्दिष्ट करे।

अध्याय–3
असंगठित कर्मकार का कल्याण निधि के सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण

23. सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये प्रक्रिया:–

(1) अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (1) के अधीन सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन, इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप–तीन में, दो प्रतियों में, धारा 14 की उपधारा (3) के अधीन पृथकतः मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी को किया जाएगा तथा उसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज होंगे, अर्थात्:–

(क) निम्नलिखित प्ररूपों में से किसी एक या अधिक में आयु का सबूत, अर्थात्:–

(एक) परीक्षा लेने वाले किसी बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र,

(दो) जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र,

(तीन) ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र

(चार) उपरोक्त प्रमाण–पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य–चिकित्सक की पदश्रेणी से निम्न पदश्रेणी का न हो,

(ख) पूर्ववर्ती एक वर्ष के दौरान कम से कम नब्बे दिन के लिये असंगठित कर्मकार की प्रास्थिति का सबूत, जो सामान्यतः उस नियोजक द्वारा, जिसके लिये आवेदक काम कर रहा हो, जारी किया गया उस आशय का प्रमाण पत्र होगा। *तथापि, समुचित मामलों में, प्रास्थिति के सबूत के रूप में निम्नलिखित पर भी विचार किया जा सकेगा, अर्थात्:–*

(एक) व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के अधीन रजिस्ट्रीकृत असंगठित कर्मकार संघ द्वारा जारी किया गया एक प्रमाण–पत्र,

(दो) संबंधित क्षेत्र पर अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र,

(तीन) संबंधित जनपद पंचायत या नगर पालिक निकाय, जो चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र,

(ग) प्ररूप–चार में नाम निर्देशन।

(घ) पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ दस रूपये फीस होगी, जो नगद में या अकाउन्ट–पेयी डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा संबंधित बोर्ड को देय होगी।

(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन पत्र की प्राप्ति की अभिस्वीकृति संबंधित बोर्ड द्वारा की जाएगी।

(4) यदि उपनियम (1) में निर्दिष्ट अधिकारी का सम्यक जांच के पश्चात् यह समाधान हो जाता है कि आवेदक, अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (1) में विनिर्दष्ट पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करता है तथा उसने अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का पालन किया है तो वह सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में कर्मकार के नाम की प्रविष्टि करेगा, जो प्ररूप–पांच में रखा जाएगा तथा प्ररूप–छह में उसे एक पहचान–पत्र भी जारी करेगा;

परंतु प्राधिकृत अधिकारी, आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् आवेदन पत्र को नामंजूर कर सकेगा। यदि जांच के पश्चात् वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आवेदक, पात्रता के मानदंड की पूर्ति नहीं करता है और/या अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गये नियमों के उपबंधों का पालन नहीं किया है;

परन्तु यह और कि उपनियम (1) के अधीन प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्र पर विनिश्चय साधरणतया एक मास की अधिकतम कालावधि के भीतर किया जाएगा तथा नामंजूरी की दशा में उसके कारण आवेदक को लिखित में संसूचित किए जाएंगे।

(5) यदि किसी सदस्य के संबंध में, उपनियम (4) में निर्दिष्ट पहचान–पत्र में विनिर्दिष्ट किन्हीं विशिष्टियों में कोई परिवर्तन होता है या उसे अद्यतन करना आवश्यक हो गया है तो सदस्य उपनियम (1) में निर्दिष्ट अधिकारी को, यथास्थिति उस तारीख से, जब ऐसा परिवर्तन होता है या अद्यतन करना आवश्यक हो जाए, साठ दिन के भीतर ऐसे परिवर्तन की तारीख तथा विशिष्टियां या अद्यतन किये जाने की आवश्यकता तथा उसके कारण, प्ररूप–सात में संसूचित करेगा।

(6) जहां, उननियम (5) में निर्दिष्ट संसूचना की प्राप्ति पर अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि पहचान पत्र में प्रविष्ट की गई सदस्य की विशिष्टियों में कोई परिवर्तन हुआ है या यह कि ऐसी विशिष्टियों को अद्यतन करने की आवश्यकता है तो, वह उक्त पत्र (कार्ड) में संशोधन करेगा तथा जो परिवर्तन हुआ है उसे भी उपनियम (4) में निर्दिष्ट रजिस्टर में अभिलिखित करेगा।

(7) यदि कोई पहचान पत्र खो जाए, विकृत हो जाए या उसमें के पृष्ठ निःशेष हो जाएं, तो संबंधित सदस्य, डुप्लीकेट/निरंतर पहचान–पत्र जारी किये जाने के लिये, उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट अधिकारी को प्ररूप–आठ में आवेदन कर सकेगा। डुप्लीकेट पहचान–पत्र के लिये आवेदन–पत्र के साथ केवल दस रूपये फीस होगी, जो बोर्ड को नगद में अकाउंटपेयी डिमांड ड्राफ्ट द्वारा देय होगी।

(8) उपनियम (1) के अधीन किसी आवेदन पत्र की प्राप्ति पर संबंधित अधिकारी, सदस्य के रजिस्टर में प्रविष्टियों के साथ उसकी विषयवस्तु की जांच पड़ताल करने तथा आवेदन पत्र की वास्तविकता के संबंध में स्वयं का समाधान हो जाने के पश्चात् डुप्लीकेट या निरंतर पहचान पत्र जारी करेगा।

परन्तु डुप्लीकेट पहचान पत्र के लिये आवेदन पत्र आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से नामंजूर किया जा सकेगा।

24. अपीलः—

(1) नियम 23 के उपनियम (4) या उपनियम (8) के अधीन किसी विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे विनिश्चय की तारीख से तीस दिन के भीतर सचिव या बोर्ड द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किसी अन्य अधिकारी को (जो इसमें इसके पश्चात् अपील अधिकारी के रूप में निर्दिष्ट है) अपील कर सकेगा।

(2) अपील के ज्ञापन के साथ उस आदेश की, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, एक प्रमाणित प्रति तथा संबंधित बोर्ड को नगद या अकाउंटपेयी डिमांड ड्राफ्ट में देय दस रूपये की फीस होगी।

(3) जब अपील का ज्ञापन व्यवस्थित हो तो अपील अधिकारी, अपील ग्रहण करेगा, उस पर उसकी प्राप्ति की तारीख पृष्ठांकित करेगा और उसकी प्रविष्टि प्ररूप—नौ में इस प्रयोजन के लिये रखे गये रजिस्टर में की जायेगी, जो "अपीलों का रजिस्टर" के नाम से जाना जाएगा।

(4) जब उपनियम (3) के अधीन कोई अपील ग्रहण की गई हो, तब अपील अधिकारी, संबंधित रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी से मामले के अभिलेख की अध्यपेक्षा करेगा और अभिलेख प्राप्त होने पर, मामले के अभिलेख का परीक्षण करने तथा अपीलार्थी और ऐसे अन्य व्यक्तियों को, जिन्हें वह आवश्यक समझे, सुनने के पश्चात् लिखित आदेश के माध्यम से अपील का निपटारा करेगा।

25. सदस्यों का रजिस्टरः—

(1) प्रत्येक नियोजक स्थापना के संबंध में जिसको यह अधिनियम इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से लागू होता है, ऐसे प्रारंभ की तारीख से 30 दिन की कालावधि के भीतर एक रजिस्टर प्ररूप—10 में रखेगा जिसमें उसके द्वारा नियोजित सदस्य के नियोजन के ब्यौरे दर्शित किये जाएंगे।

(2) उपनियम (1) में संधारित रजिस्टर का, संबंधित बोर्ड के सचिव या संबंधित बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी पूर्व सूचना के बिना निरीक्षण किया जा सकेगा।

26. **निधि में अभिदायः–**

(1) प्रत्येक सदस्य, ऐसी मासिक दर से निधि में अभिदाय करेगा, जैसी कि अधिनियम की धारा 18 के अधीन राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए। अभिदाय, बोर्ड द्वारा उस जिले में, जहां सदस्य निवास करता है, बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए बैंकों में से किसी बैंक में मासिक या त्रैमासिक आधार पर अग्रिम में विप्रेषित किया जाएगा।

(2) सदस्य, अपनी मासिक मजदूरी में से अपने अभिदाय की कटौती करने तथा ऐसी कटौती करने से पन्द्रह दिन के भीतर बोर्ड को उसे विप्रेषित करने के लिये अपने नियोजक को प्राधिकृत कर सकेगा।

(3) यदि कोई सदस्य लगातार एक वर्ष की कालावधि तक अभिदाय का संदाय करने में चूक करता है तो वह सदस्य नहीं रह जाएगा,

परन्तु यदि संबंधित बोर्ड के सचिव का यह समाधान हो जाता है कि किसी युक्तियुक्त कारण से अभिदाय का संदाय नहीं किया गया था, और यह कि सदस्य बकाया को जमा करने के लिये रजामंद है, तो वह सदस्य को उसके अभिदाय क बकाया जमा करने के लिये अनुज्ञात कर सकेगा तथा ऐसा जमा किए जाने पर सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण प्रत्यावर्तित हो जाएगा।

अध्याय–4
प्रसुविधाएं तथा सामान्य कल्याणकारी क्रियाकलाप

27. **प्रसुविधाएंः–**

संबंधित बोर्ड, अधिनियम तथा इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए उन सदस्यों को जिन्होंने निधि में अंशदान किया है, नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट की गई समस्त या किन्हीं प्रसुविधाओं को विस्तारित कर सकेगाः–

प्रसुविधाएं
सारणी

1. पेंशन
   (1) वृद्धावस्था पेंशन
   (2) परिवार पेंशन
   (3) निःशक्तता सहायता तथा पेंशन

2. गृह निर्माण सहायता
   (1) मकान के क्रय या निर्माण के लिए ऋण
   (2) किसी गृह निर्माण वित्तीय संस्था के लिये गृह निर्माण ऋण हेतु ब्याज सब्सिडी

3. शिक्षा
   (1) छात्रवृत्ति
   (2) शिक्षा ऋण
   (3) किसी वित्तीय संस्था से लिये गए शिक्षा ऋण हेतु ब्याज सब्सिडी
   (4) मेधावी छात्रों को नगद पुरस्कार

4. आय संवर्धन के लिये सहायता
   (1) औजारों तथा छोटी मशीनों के क्रय हेतु ऋण
   (2) अनुपूरक आय अर्जित करने वाले क्रियाकलापों के लिए ब्याज सब्सिडी

5. विवाह सहायता

6. चिकित्सा सहायता

7. प्रसूति सहायता

8. बीमा सहायता
   (1) समूह बीमा
   (2) बीमा प्रीमियम के भुगतान के लिये सहायता

9. मृत्यु के मामले में सहायता
   (1) अंतिम संस्कार सहायता
   (2) अनुग्रह राशि भुगतान

28. प्रसुविधाओं के संबंध में मुख्य उपबंध :–

(1) जब तक कि इन नियमों के द्वारा या उनके अधीन अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, प्रसुविधा के तौर पर देय किसी धनराशि का भुगतान नकद में नहीं किया जाएगा, परन्तु यथास्थिति, सदस्य या अन्य पात्र प्राप्तिकर्ता के अधिसूचित बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक या जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक में संधारित बैंक खाते में जमा की जाएगी।

(2) नियम 27 में प्रगणित की गई प्रसुविधाओं से संबंधित "निम्नलिखित विषयों के बारे में विस्तृत उपबंध, अर्थात् :–

(एक) प्रसुविधा की प्रकृति;

(दो) वह व्यक्ति, जिसे प्रसुविधा देय होगी;

(तीन) उस दर को, जिस पर प्रसुविधा दी जाएगी, शासित करने वाले व्यापक दिशा–निर्देश, यदि कोई हों;

29. बोर्ड द्वारा प्रसुविधाओं से संबंधित प्रक्रियात्मक तथा अन्य अवशिष्ट मामलों को अधिकथित करने वाली स्कीमों को अधिसूचित किया जाना :–

संबंधित मंडल, नियम 27 में विनिर्दिष्ट की गई प्रत्येक सुविधा या प्रसुविधाओं के समूह के बारे में, उन प्रक्रियाओं, प्ररूपों तथा अन्य समस्त अवशिष्ट मामलों को अधिकथित करते हुए एक स्कीम, जो अधिनियम तथा इन नियमों में अभिव्यक्त रूप से उपबंधित नहीं है, तैयार करेगा और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से अधिसूचित करेगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित होगा :–

(एक) वे दरें, जिन पर विभिन्न प्रसुविधाएं देय होंगी:–

(दो) आवेदन करने की प्रक्रिया तथा प्ररूप;

(तीन) मंजूरी देने की प्रक्रिया तथा मंजूरी देने के लिये सक्षम प्राधिकारी;

(चार) कोई अन्य आनुषंगिक मामले।

30. सामान्य कल्याणकारी क्रियाकलाप :–

(1) संबंधित बोर्ड, व्यष्टि सदस्य को नियम 27 तथा 28 में निर्दिष्ट प्रसुविधाएं देने के अतिरिक्त, असंगठित कर्मकारों के सामान्य कल्याण में संवर्धन की दृष्टि से निम्नलिखित क्रियाकलाप हाथ में ले सकेगा, अर्थात् :–

(क) कर्मकारों के नियोजन का पैटर्न, कौशल, आय, मजदूरी तथा कार्य करने की शर्तों और उनके कल्याण के लिये आशयित शासन तथा बोर्ड के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभाव को अभिनिश्चित करने के लिये सर्वेक्षण, अध्ययन आदि करना।

(ख) उनके कानूनी अधिकार, उन अधिकारों का प्रवर्तित कराने की प्रक्रिया, शिकायतों को दूर करना और विभिन्न कल्याण तथा विकास स्कीमों का लाभ उठाने के प्रति कर्मकारों में जागरूकता का प्रसार करना,

(ग) महिलाओं तथा संतानों के स्वास्थ्य में सुधार, छोटे परिवार की अवधारणा और सामाजिक बुराइयों जैसे मद्यपान, दहेज, बाल विवाह आदि को दूर करना।

(घ) कर्मकारों के लिये खेलकूद, सांस्कृतिक तथा आमोद–प्रमोद के क्रियाकलाप संचालित करना और कर्मकारों के समूह लिये अध्ययन दौरे (टूर) आयोजित करना और

(ड.) राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से कोई अन्य क्रियाकलाप, जिनका उद्देश्य कर्मकारों के समग्र कल्याण में अभिवृद्धि करना हो।

(2) उप–नियम (1) में प्रमाणित क्रियाकलापों पर किसी वित्तीय वर्ष में व्यय, उस वर्ष में संबंधित बोर्ड के कुल व्यय के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

अध्याय–5
स्थापनों का रजिस्ट्रीकरण और बोर्ड में अभिदाय

31. स्थापनों के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन करने की रीति :–

(1) प्रत्येक नियोजक, स्थापना के संबंध में जिस पर यह अधिनियम लागू है अधिनियम प्रारंभ होने के दिनांक से 60 दिन की कालावधि के भीतर अधिनियम की धारा 22की उपधारा (1) के उपखण्ड (क) या (ख) में निर्दिष्टि आवेदन इन नियमों के उपाबद्ध प्ररूप–11 में तीन प्रतियों में अधिनियम की धारा 20 के अधीन नियुक्त उस क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को करेगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ, स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए विहित फीस का संदाय दर्शाने वाला मांगदेय ड्राफ्ट संलग्न किया जाएगा।

(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन या तो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा या रजिस्ट्रीकृत डाक से उसे भेजा जाएगा।

(4) उपनियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन की प्राप्ति पर, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, आवेदन पर उसके द्वारा प्राप्ति की तारीख अंकित करने के पश्चात् आवेदक को उसकी अभिस्वीकृति देगा।

32. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र का दिया जाना :–

(1) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नियम 31 के उपनियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति के पश्चात् स्थापन को रजिस्टर करेगा और आवेदक को आवेदन की प्राप्ति से पन्द्रह दिन के भीतर यदि आवेदक ने इन नियमों में अधिकथित सभी अपेक्षाओं की पूर्ति कर दी है और ऐसी कालावधि के भीतर आवेदन किया है जो अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (1) के

खण्ड (क) और (ख) के अधीन विनिर्दिष्ट है तो रजिस्ट्रीकरण–प्रमाण–पत्र जारी करेगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दिए जाने वाला रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप–12 में होगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, इन नियमों में उपाबद्ध प्ररूप–13 में रजिस्टर बनाएगा जिसमें इन स्थापनों की विशिष्टियां दर्शित होंगी, जिनके संबंध में उसके द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र किया गया है।

(3) यदि किसी स्थापन के संबंध में रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण–पत्र में विनिर्दिष्ट स्वामित्व या प्रबन्ध या अन्य विशिष्टियों में कोई परिवर्तन होता है तो स्थापन का नियोजक, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उस तारीख से तीस दिन के भीतर जिसको ऐसा परिवर्तन होता है, ऐसे परिवर्तन की तारीख व विशिष्टियों की ओर उसके कारणों की सूचना देगा।

33. अतिरिक्त फीस का संदाय और रजिस्टर का संशोधन आदि:–

(1) जहां नियम 32 के उपनियम (3) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि उस रकम से अधिक रकम संदेय है जिसका संदाय स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस के रूप में नियोजक द्वारा किया गया है तो वह ऐसे नियोजक से ऐसी अतिरिक्त राशि का संदाय करने की अपेक्षा करेगा जो ऐसे नियोजक के द्वारा पहले से संदत्त रकम को मिलाकर स्थापन के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय फीस की ऐसी उच्चतर रकम के बराबर होगी।

(2) जहां नियम 32 के उपनियम (3) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप–13 में रजिस्टर में यथाप्रविष्ट स्थापन की विशिष्टियों में कोई परिवर्तनकारित किया गया है वहां वह उक्त रजिस्टर और अभिलेख में संशोधन उस परिवर्तन के लिये करेगा जो किया गया है।

परन्तु यह रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप–13 में रजिस्टर में कोई संशोधन तब तक नहीं करेगा जब तक कि नियोजक द्वारा समुचित फीस का निक्षेप न कर दिया गया हो।

34. रजिस्ट्रीकरण की शर्तें :–

(1) नियम 32 के अधीन जारी किया गया प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगा, अर्थात् :–

(क) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र अहस्तांतरणीय होगा, (अर्थात्)
(ख) नियोजित कर्मकारों की संख्या किसी भी दिन रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण–पत्र में निर्दिष्ट अधिकतम संख्या से अधिक नहीं होगी; और

(ग) इन नियमों से जैसा उपबन्धित है उसके सिवाय रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र देने के लिये संदत्त फीस अप्रतिदेय होगी।

(2) नियोजक, पन्द्रह दिन के भीतर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को कर्मकारों की संख्या या कार्य की शर्तों में किसी परिवर्तन की, यदि कोई हो, सूचना देगा।

35. फीस :–

नियम 32 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र मंजूर करने के लिये संदेय फीस वह होगी जो नीचे विनिर्दिष्ट है, अर्थात्:–

यदि किसी एक दिन में कार्य के लिए असंगठित कर्मकारों के रूप में नियोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित कर्मकारों की संख्या

(क)	100 तक है	:	50.00 रूपए
(ख)	100 से अधिक किन्तु 500 से कम है	:	250.00 रूपए
(ग)	500 से अधिक है	:	500.00 रूपए

अध्याय–6
अपील, आदेशों की प्रतियां, फीसों का संदाय आदि

36. अपील अधिकारी के समक्ष अपील फाईल करना :–

(1) अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक अपील व्यथित व्यक्ति या उसके प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन के रूप में की जाएगी और अपील *अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा उसे भेजकर प्रस्तुत की* जाएगी।

(2) ज्ञापन के साथ उस आदेश की प्रमाणित प्रति जिसके विरूद्ध अपील की गई है और एक सौ रूपये का मांग देय ड्राफ्ट होगा।

(3) ज्ञापन में संक्षिप्त रूप से और सुभिन्न मदों के अधीन अपील के आधार उपवर्णित होंगे।

(4) जहां अपील ज्ञापन उपनियम (2) और उपनियम (3) के उपबंधों का अनुपालन नहीं करता है, वहां अपीलार्थी को अपील अधिकारी द्वारा नियत किए गए समय के भीतर उस प्रयोजन के संशोधन करने के लिए वापस किया जाएगा जो उस तारीख से, जिसको वह आदेश अपीलार्थी को संसूचित किया गया था, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, तीस दिन से अधिक नहीं होगा।

(5) जहां अपील ज्ञापन व्यवस्थित है वहां अपील अधिकारी अपील को ग्रहण करेगा, उस पर ऐसे अपील की सुनवाई की तारीख पृष्ठांकित करेगा और इस प्रयोजन के लिये रखे जाने वाली ऐसी पुस्तिका में अपील को रजिस्टर करेगा।

(6) (एक) जब उपनियम (5) के अधीन अपील ग्रहण कर ली जाती है तब अपील अधिकारी, अपील की सूचना उस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भेजेगा जिसके आदेश के विरूद्ध अपील की गई है और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उस पर मामले का अभिलेख अपील अधिकारी को भेजेगा।

(दो) अभिलेख प्राप्त होने पर अपील अधिकारी, ऐसी तारीख और ऐसे समय पर जो अपील की सुनवाई के लिये सूचना–पत्र में विनिर्दिष्ट की जाए, उसके समक्ष उपस्थित होने के लिए अपीलार्थी को सूचना भेजेगा।

37. सुनवाई की तारीख को उपस्थित होने में असफलता :–

यदि सुनवाई के लिये नियत तारीख को अपीलार्थी उपस्थित नहीं होता है तो अपील अधिकारी, उपस्थित होने में चूक के लिए अपील को खारिज कर सकेगा।

38. अपीलों का प्रत्यावर्तन :–

जहां कोई अपील, नियम 37 के अधीन खारिज कर दी जाती है वहां अपीलार्थी, अपील के प्रत्यावर्तन के लिए अपील कर सकेगा और यदि अपील अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी उपस्थित होने से पर्याप्त कारणों से निवारित किया गया था तो अपील अधिकारी अपील को उसकी मूल संख्या पर प्रत्यावर्तित करेगा।

परन्तु इस नियम के अधीन प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन अपील अधिकारी द्वारा ऐसे खारिज किए जाने की तारीख से तीस दिन के पश्चात् ग्रहण नहीं की जाएगी।

39. अपील की सुनवाई :–

(1) यदि अपीलार्थी, उस समय उपस्थित है, जब अपील सुनवाई के लिये ली जाती है तब अपील अधिकारी, अपीलार्थी या उसके प्राधिकृत अधिवक्ता को सुनने के लिए अग्रसर होगा और अपील पर उस आदेश की जिसके विरूद्ध अपील की गई है या तो पुष्टि करने वाला, उलटने वाला या फेरफारित करने वाला आदेश पारित करेगा।

(2) अपील अधिकारी के आदेश में अवधारणा के लिए बिन्दु, उस पर विनिश्चय और ऐसे विनिश्चयों के लिए कारण कथित होंगे।

(3) अपीलार्थी को आदेश संसूचित किया जाएगा और उसकी प्रति उस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भेजी जाएगी, जिसके आदेश के विरूद्ध अपील की गई थी।

40. रजिस्ट्रीकरण के आदेश की या अपील में आदेश की प्रति :–

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के या अपील अधिकारी के आदेश की प्रति संबंधित व्यक्ति या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा, प्रत्येक आदेश के लिये पचास रूपये की फीस के संदाय के साथ, यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या अपील अधिकारी को आवेदन करने पर, जिसमें संबंधित अधिकारी द्वारा किए गए आदेश की तारीख और विशिष्टियां विनिर्दिष्ट होंगी, प्राप्त की जा सकेगी। खो जाने या विक्रत हो जाने पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की प्रति वैसी ही फीस के संदाय पर और उसी रीति से प्राप्त की जा सकेगी।

41. फीस का संदाय :–

रजिस्ट्रीकरण, अपील, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र की प्रतियें या दूसरी प्रतियों के प्रदाय के लिये संदेय धन की सभी राशि स्थानीय बोर्ड के नामनिर्दिष्ट लेखा में देय होगी।

42. नियोजकों द्वारा अभिदाय :–

(1) प्रत्येक नियोजक यथास्थिति मध्य प्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड या मध्य प्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड को ऐसी मासिक दर पर जैसी कि अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना विनिर्दिष्ट की जाय, अपना अभिदाय देगा। देय अभिदाय डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा ऐसे बोर्ड के सचिव या अन्य अधिकारी के पक्ष में जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जए, दिया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (5) के अधीन यथाविहित सूचना जारी करने के पश्चात्, यदि नियोजक अभिदाय का भुगतान करने में चूक करता है तो बोर्ड संबंधित जिले के कलेक्टर को एक प्रमाण पत्र उसमें कथित रकम की वसूली भू–राजस्व की बकाया के तौर पर करने हेतु जारी कर सकेगा और तदुपरि कलेक्टर उस रकम की भू–राजस्व की बकाया के तौर पर वसूली करने के लिये अग्रसर होगा और रकम को संबंधित बोर्ड को विप्रेषित कर देगा।

परन्तु यदि नियोजक अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (5) के अधीन जारी नोटिस के प्रत्युत्तर में कारण बताते हुए अभ्यावेदन प्रस्तुत कर देता है तो उपरोक्त अभ्यावेदन पर विचार करने, ऐसी जांच जैसी कि आवश्यक समझी जाए, करने और अभ्यावेदन रद्द करने के कारण देते हुए आदेश पारित करने पर ही उपर्युक्त प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

अनुसूची

भाग – एक

1. कृषि में नियोजन, जिसमें सम्मिलित है उद्यानिकी तथा कृषि प्रसंस्करण
2. दुग्ध – उद्योग (डेरी), मुर्गीपालन, सुअर पालन तथा अन्य पशुपालन में नियोजन
3. मछली पालन में नियोजन
4. वानिकी में नियोजन जिसमें सम्मिलित है मुख्य तथा गौण वन उपज के उत्खनन तथा संग्रहण से संबंधित कियाकलाप
5. रेशम – उत्पादन में नियोजन

भाग – दो

1. लेटराइट गोलाश्म मृत्तिका का निकाला जाना, भवन का पत्थर, सड़क की गिट्टी, बजरी, मुरम, रेत तथा मिट्टी खदान किया तथा उत्खनन में नियोजन
2. पत्थर को तोड़ने तथा दलने में नियोजन
3. पकी ईंट तथा टाइल बनाने में नियोजन

भाग – तीन

1. (क) किसी बाजार या दुकान या डिपो या कारखाना या भांडागार या गोदाम या किसी अन्य स्थापना एवं
   (ख) मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1974) के अधीन गठित मण्डी समितियों के नियंत्रणाधीन कोई बाजार,

   में लदाई–उतराई, ढेर लगाने (स्टॅकिंग), पैकिंग करने वहन करने, तौलने, मापने और ऐसे ही अन्य शारीरिक कार्य, जिसमें उसकी तैयारी तथा अन्य संसक्त कार्य शामिल हैं, में नियोजन,
2. सार्वजनिक परिवहन यानों में माल की लदाई या उनसे माल की उतराई से संबंधित तथा कोई अन्य आनुषंगिक या संसक्त प्रचालन में नियोजन
3. गोदाम में खाद्यान्न की लदाई, उतराई तथा वहन करना, खाद्यान्नों की छटाई तथा सफाई, खाद्यान्नों का बोरों में भरना, ऐसे बोरों की सिलाई करना तथा उससे तथा अनुषंगिक तथा संसक्त अन्य कार्य में के संबंध में नियोजन

भाग – चार

1. खादी, हथकरघा (हैण्डलूम) तथा पावरलूम उद्योग में नियोजन
2. कपड़े का विरंजित करना (ब्लीचिंग) रंगाई तथ छपाई में नियोजन
3. सिलाई में नियोजन

भाग – पॉच

1. सुगंधित तिलियॉ (अगरबत्ती) के बनाने में नियोजन
2. कढ़ाई, धुम्रपान (स्मोकिंग) तथा तैयार वस्त्र (रेडीमेड गारमेन्ट्स) बनाने में नियोजन
3. पापड़, अचार, जेम्स, जेली, अन्य परिरक्षित खाद्य पदाथ, पिसे मसाले तथा वासक बनाने में नियोजन.
4. खाना बनाने में नियोजन
5. खिलौने बनाने में नियोजन

भाग – छः

1. चमड़े के शोधन तथा प्रसंस्करण में नियोजन
2. जूते तथा चमड़े की अंन्य वस्तुयें बनाने तथा मरम्मत करने में नियोजन
3. सफाई तथा झाड़ू – बहारू सेवाओं में नियोजन

भाग – सात

1. रैग–पिकिंग में नियोजन.
2. दरवाजे–दरवाजे (द्वार–द्वार पर) पुराने समाचार–पत्रों (रद्दी) का संग्रहण (तथा विक्रय) तथा त्यक्त वस्तुएं (कबाड़ी) में नियोजन
3. बेचने वाला (हॉकर) तथा मार्ग में फेरी लगाकर बेचने वाला (स्ट्रीट वेंडर) के रूप में नियोजन.

भाग – आठ

1. मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 (1961 का 27) में यथा परिभाषित मोटर परिवहन कर्मकार.
2. साइकिल–रिक्षा, ऑटो रिक्षा तथा टेक्सी चलाने में ऐसा नियोजन जो "मोटर परिवहन कर्मकार" की श्रेणी में नहीं आता
3. आटा, तेल, दाल तथा चावल मिल में नियोजन
4. प्राइवेट सुरक्षा सेवाओं में नियोजन
5. प्लास्टिक उद्योगों में नियोजन
6. लकड़ी का काम करने की इकाईयों में नियोजन
7. बर्तन बनाने में नियोजन
8. कारीगर (शिल्पी) जैसे लुहार, बढ़ई, गारा बनाने, चाक बनाने (कुम्हार) आदि में नियोजन
9. दरी तथा कारपेट बनाने में नियोजन.
10. आतिशबाजी तथा माचिस उद्योग में नियोजन
11. डब्बे तथा पैकिंग की अन्य सामग्री बनाने में नियोजन

115

प्रारूप – एक

नियम 20 (2) देखिए

मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड/
मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड
वित्तीय वर्ष ..... के लिये बजट

भाग – 1 – प्राप्तियां

शीर्ष	पूर्व वित्तीयवर्ष में वास्तविक प्राप्तियां	बजट के अनुसार चालू वर्ष हेतु अनुमानित प्राप्तियां	चालू वर्ष की प्रथम तीन तिमाही में वास्तविक प्राप्तियां	आगामी वित्तीय वर्ष ..... हेतु अनुमानित प्राप्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. प्राप्त उपकर				
2. सदस्यों से प्राप्त अंशदान				
3. राज्य शासन से प्राप्त अनुदान				
4. नियोजकों से प्राप्त अभिदाय				
5. ब्याज				
6. अन्य प्राप्तियां				
कुल प्राप्तियां				

भाग – 2 – व्यय

शीर्ष	पूर्व वित्तीयवर्ष में वास्तविक व्यय	बजट के अनुसार चालू वर्ष हेतु अनुमानित व्यय	चालू वर्ष की प्रथम तीन तिमाही में वास्तविक व्यय	आगामी वित्तीय वर्ष ..... हेतु अनुमानित व्यय
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. बोर्ड के सम्मिलनों पर व्यय:				
1.1 सदस्यों का यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता				
1.2 अल्पाहार				
1.3 अन्य आनुषंगिक व्यय				
योग (1) ..				

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2. बोर्ड कर्मचारिवृन्द पर किया गया व्यय				
2.1 वेतन तथा मंहगाई भत्ता				
2.2 चिकित्सा भत्ता				
2.3 मकान भाड़ा भत्ता				
2.4 यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता				
2.5 ऋण एवं अग्रिम				
2.6 अन्य				
योग (2) ..				
3. कार्यालय व्यय				
3.1 जल एवं विद्युत				
3.2 किराया एवं कर				
3.3 स्टेशनरी एवं प्रिन्टिंग				
3.4 पी.ओ.एल. व्यय				
3.5 फर्नीचर एवं फिक्सचर				
3.6 दूरभाष व्यय				
3.7 डाक व्यय एवं टेलीग्राम				
3.8 पुस्तकें तथा नियत कालिक पत्रिकाएं				
3.9 पोषाक				
3.10 अन्य आकस्मिक व्यय				
योग (3) ..				
4. पूंजीगत व्यय				
4.1 वाहन क्रय				
4.2 भवन का निर्माण/क्रय/मरम्मत/नवीनीकरण				
4.3 उपस्कर का क्रय				
4.4 अन्य पूंजीगत व्यय				
योग (4) ..				
5. नियम 27 में यथाविनिर्दिष्ट प्रसुविधाओं पर व्यय				
5.1				
5.2				
5.3				

	5.4			
	5.5			
	5.6			
	योग (5) ..			
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
6.	नियम 27 में यथा परिभाषित सामान्य कल्याणकारी कार्यकलापों पर व्यय			
	6.1			
	6.2			
	6.3			
	6.4			
	योग (6) ..			
	कुल व्यय ..			

स्थान :

तारीख :

सचिव
मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड/मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

भाग – 3 – सारांश

शीर्ष	रकम
(1)	(2)
1. अनुमानित कुल प्राप्तियां	
2. अनुमानित कुल व्यय	
3. अनुमानित अतिशेष/कमी (1–2)	

स्थान :

तारीख :

सचिव
मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड/मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

प्ररूप – दो

[नियम 20 देखें]

मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड / मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

बोर्ड के कृत्यों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव का नाम
2. प्रत्येक बोर्ड के संचालकों और सदस्यों की सूची
3. 3.1 प्रत्येक बोर्ड को वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त उपकर

   3.2 रजिस्ट्रीकरण इत्यादि से प्राप्त आय
4. बोर्ड में वित्तीय वर्ष के दौरान नये रजिस्ट्रीकृत सदस्यों की कुल संख्या
5. बोर्ड में असंगठित कर्मकारों की कुल संख्या
6. प्रत्येक बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान असंगठित कर्मकार सदस्यों के लिए किए गए कल्याणकारी क्रिया कलापों के ब्यौरे

अनु. क्रमांक	स्कीम का नाम	लाभान्वित असंगठित कर्मकार सदस्यों की संख्या	रकम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.			
2.			
3.			
4.			

7. अन्य कल्याणकारी क्रिया कलापों के ब्यौरे
8. प्रत्येक बोर्ड द्वारा किये गये अन्य मुख्य क्रिया कलापों के ब्यौरे

सचिव
मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार
कल्याण बोर्ड / मध्यप्रदेश नगरीय
असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

११९

प्ररूप – तीन

[नियम 23 (1) देखिए]

सदस्य के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन–पत्र

1. नाम : .....
2. पिता/पति का नाम .....
3. पता : .....
   (एक) वर्तमान पता .....
   (दो) स्थाई पता .....
4. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का है .....
5. जन्म तारीख .....
6. वैवाहिक स्थिति .....
7. उन नियोजकों के नाम तथा पते, जिनके लिये पिछले 12 माह में कार्य किया .....

अनु. क्रमांक	नियोजक का नाम तथा पता	उस स्थापन का विवरण तथा स्थिति जहां आवेदक नियोजित है/था	स्थापना का रजिस्ट्रीकरण क्रमांक	पदनाम तथा आवेदक द्वारा किए गए कार्य का स्वरूप	नियोजन के प्रारम्भ तथा समाप्ति की तारीख		उन दिनों की संख्या, जिनमें वास्तविक रूप से नियोजन में रहे रहा	टिप्पणी
					प्रारम्भ	समाप्ति		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.								
2.								
3.								
							योग	

8. ई.एस.आई./ई.पी.एफ. क्रमांक (यदि कोई हो) .....
   (एक) ई.एस.आई. क्रमांक .....
   (दो) ई.पी.एफ. क्रमांक .....
9. वह रीति, जिसमें आवेदन फीस का भुगतान किया गया: .....
   (एक) नगद में, बोर्ड के कार्यालय में (रसीद संलग्न करें) .....
   (दो) डी.डी. क्रमांक .....
   दिनांक .....

(बैंक) की शाखा .....

(डी.डी.संलग्न करें)

10. नियम 23 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित संलग्न हैं: .....

(1) आयु का सबूत .....

(2) अनुक्रमांक 7 में उल्लिखित स्थापन में असंगठित कर्मकार के रूप में नियोजन का सबूत (संलग्न दस्तावेज का विवरण दीजिए)

(एक) .....

(दो) (संलग्न दस्तावेज का विवरण दीजिए)

(तीन) .....

(3) प्ररूप 4 में नाम निर्देशन .....

(4) पासपोर्ट आकार के दो फोटो .....

उपरोक्त तथ्य मेरे सर्वोत्तम ज्ञान तथा विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं सदस्य के रूप में मेरे मासिक अंशदान का, राज्य शासन द्वारा विहित की गई दर पर और बोर्ड द्वारा विहित रीति में नियमित रूप से भुगतान करने का वचन देता हूं।

मैं अनुरोध करता हूं कि मध्यप्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण अधिनियम, 2003 की धारा 14के अधीन सदस्य के रूप में मेरा रजिस्ट्रीकरण किया जाए।

स्थान :

तारीख :

आवेदक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान .....

आवेदक की पहचान करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान .....

पहचान करने वाले व्यक्ति का नाम तथा पता .....

121

प्ररूप – चार

[नियम 23 (ग) देखिए]

नाम निर्देशन का प्ररूप

मैं, अपनी मृत्यु की दशा में, **मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड/म.प्र. नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड** से समस्त शोध्यों को मेरी ओर से प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों को मेरे अधिकारवान वारिस के रूप में एतद्द्वारा नाम निर्देशित करता हूं।

अनु. क्रमांक	नाम निर्देशिती/ नाम निर्देशितियों का नाम तथा पता	नाम निर्देशिती की जन्म तारीख	सदस्य से सम्बन्ध	अवयस्क स्थिति में संरक्षक का नाम	नाम निर्देशिती को भुगतान किये जाने वाले शोध्यों का प्रतिशत
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

स्थान :
तारीख :

हस्ताक्षर .....
आवेदक/सदस्य का नाम .....
पता .....
हस्ताक्षर .....
साक्षी का नाम .....
साक्षी का पता .....

प्ररूप – पांच

[नियम 23 (4) देखिए]

मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड/ मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

सदस्यों का रजिस्टर

अनु. क्रमांक	सदस्य का नाम	पिता/पति का नाम	पुरूष/स्त्री	क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से हैं?	रजिस्ट्रीकरण क्रमांक तथा तारीख	पता	
						स्थायी	वर्तमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

जन्म तारीख	नियोजन का स्वरूप/पद नाम	नाम निर्देशिती	अभिदाय की दर	पासपोर्ट आकार का फोटो	पहचानपत्र जारी करने की तारीख	आवेदक के हस्ताक्षर	बोर्ड के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर
(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)

प्ररूप – छः

[नियम 23 (4) देखिए]

मध्यप्रदेश ग्रामीण असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड /
मध्यप्रदेश नगरीय असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड

सदस्यों का परिचय – पत्र

भाग –एक
सामान्य विवरण

पासपोर्ट
आकार
का फोटो

1. सदस्य का नाम .....
2. पिता/पति का नाम .....
3. पुरूष / स्त्री .....
4. जन्म तारीख .....
5. पता .....
   (1) वर्तमान पता .....
   (2) स्थायी पता .....
6. उस स्थापन के ब्यौरा जहां रजिस्ट्रीकरण के समय .....
   नियोजित रहे. .....
7. कार्य की प्रकृति एवं पदनाम .....
8. रजिस्ट्रीकरण क्रमांक .....
9. रजिस्ट्रीकरण का दिनांक .....
10. मासिक अभिदाय की दर .....

जारी करने की तारीख तथा स्थान

तारीख :

स्थान :

बोर्ड के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदनाम
(कार्यालय मुद्रा सहित)

124

भाग –दो

परिवार के सदस्यों और नाम निर्देशितियों का विवरण

नाम निर्देशन की तारीख .....

परिवार का विवरण .....

अनु. क्रमांक	परिवार के सदस्य का नाम	सदस्य से संबंध	जन्म तारीख	अवयस्क की दशा मे संरक्षक का नाम	क्या नाम निर्देशिती के रूप मे नाम निर्दिष्ट है? और यदि हां तो प्रसुविधाओं में शेयर विनिर्दिष्ट करें	बोर्ड के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

भाग –तीन

नियोजन का विवरण

अनु. क्रमांक	उस स्थापना का विवरण और स्थिति जहां असंगठित कर्मकार नियोजित है।	नियोजक का नाम तथा पता	सदस्य द्वारा किये गये कार्य की प्रकृति तथा पदनाम	नियोजन के प्रारम्भ तथा समाप्ति की तारीख		उन दिनों की संख्या जिनमें वास्तविक रूप से नियोजित था	नियोक्ता अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
				प्रारम्भ	समाप्ति		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

भाग – चार

बोर्ड से प्राप्त प्रसुविधा का विवरण

अनु. क्रमांक	स्वीकृत प्रसुविधा का नाम	स्वीकृति की तारीख	स्वीकृत रकम	भुगतान की तारीख	यदि ऋण है तो उन किस्तों की संख्या, जिसमें वसूल की जाना है।	प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

जारी की जाने की तारीख तथा स्थान

तारीख .....

स्थान .....

बोर्ड के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर तथा पदनाम

(कार्यालय मुद्रा सहित)

प्ररूप – सात

[नियम 23 (5) देखिए]

पहचान पत्र में संशोधन हेतु आवेदन –पत्र

1. सदस्य का नाम : .....
